## सार-समाचार

### खेल दिवस मनाया



**रावतभाटा,** (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर प्राथमिक विद्यालय रावतभाटा में शनिवार को खेल दिवस मनाया गया। शारीरिक प्रमुख प्रियंका पंचोली ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा तृतीय से लेकर पंचम तक के भैया बहनों ने आचार्य कृष्ण कुमार के सानिध्य में लंबी कूद, ऊंची कूद, 200 मीटर दौड़ व आचार्य शैलेंद्र जायसवाल के सानिध्य में कबड्डी, खो-खो खेल खेला गया। कक्षा प्रथम से लेकर द्वितीय तक के भैया बहनों को पूनम चतुर्वेदी के सानिध्य में सितोलिया, शेर-बकरी व मानव मंदिर में देव दर्शन करवाए गए। शिशु वाटिका प्रमुख समता गुप्ता द्वारा बताया गया कि कक्षा अरुण से लेकर प्रभात तक के भैया बहनों द्वारा नींबू-चम्मच दौड, राधेकृष्ण गोपाल कृष्ण खेल खेले गए, व स्मार्ट बोर्ड पर भैया बहनों को खिलाडियों के जीवन पर आधारित फिल्म दिखाई गई।

### प्राचार्य को ज्ञापन दिया

**बूंदी** (निसं)। एनएसयूआई ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शैक्षिणक समस्याओं के समाधान की मांग उठाई है। शनिवार को एनएसयूआई छात्र नेता किशन नेखाड़ी के नेतृत्व में छात्रो ने कार्यवाहक प्राचार्य को ज्ञापन देकर कक्षाओं में फर्नीचर और महाविद्यालय में साफ सफाई की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने प्राचार्य से कहा कि महाविद्यालय में प्रथम वर्ष के प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं लेकिन अभी तक कक्षाओं में पर्याप्त मात्रा में फर्नीचर की व्यवस्था नहीं है,कक्षाओं के पंखे खराब हो रहे हैं। छात्रो ने कहा कि महाविद्यालय में मैदान में कचरा हो रहा है और काफी दिनों से साफ सफाई नहीं हुयी है। प्रतिनिधिमंडल में छात्र नेता किशन नेखाड़ी,पूर्व प्रदेश सचिव आकाश चौधरी, लोकेश उमरवाल राकेश चांदना, शुभम चौधरी, रौनक कुमावत, जय भाटी, करण गुर्जर, अजय चौधरी, विशाल चांदना, सोनू मीणा, विशाल धाभाई, विशाल जाट, बंटी गुर्जर चाढ़, गीताराम खोदवा, बंटी कुमार, शिवम् फागना आदि शामिल रहे। कार्यवाहक प्राचार्य ने छात्रो की मांग पर जल्द ही कार्यवाही की बात कही। प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय की सभी व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने का प्रयास किया जायेगा।

### डॉ.कलाम को याद किया

**अंता** (निसं)। भारत के पूर्व राष्ट्रपति, युवाओं के आदर्श, महान वैज्ञानिक, मिसाइल मैन के नाम से मशहूर,भारत रत्न डॉ. एपीजे कलाम की पुण्यतिथि शनिवार को भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मकसूद अली के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धा से मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मकसूद अली ने कहा की 27 जुलाई, 2015 को भारत रत्न अब्दुल कलाम साहब का निधन हुआ था। उनका व्यवहार उनकी सादगी देश के लिए प्रेरणा का काम करती हैं और उनके विचार अमूल्य धरोहर हैं। कार्यक्रम के दौरान जिला महामंत्री तनवीर खान,जिला प्रवक्ता निसार अहमद, मोहम्मद अशफाक, अब्दुल हक भई, जमील भाई, अशफाक खान बबलू, अब्दुल रहीम बबला, शादाब अशफाक आदि मौजूद थे।

### विद्यालय के बच्चों को छतरियां बांटी



**झालावाड़** (निसं)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय धनवाडा झालावाड में अध्यापिका स्व. सरोज दुबे की तृतीय पुण्यतिथि पर छतरी वितरण कार्यक्रम मे निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष संजय जैन "ताऊ", सभापति नगर परिषद झालवाड़ संजयशुक्ला, भाजपा जिला महामंत्री संजय वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्र मोहन धाभाई, रैगर महासभा जिलाध्यक्ष राजू रैगर, विद्यालय अध्यापक मनीष गुप्ता, अध्यापिका स्व. सरोज दुबे के परिवार जन मौजूद रहे। छाता पाकर विधार्थियो के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। भाजपा निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजय जैन 'ताऊ' ने कहा कि विधार्थियो के लिए राज्य सरकार सदेव तत्पर है। संजय जैन ने विद्यालय के परिसर की छत मरम्मत के लिए उच्च अधिकारियों से बात कर समाधान के लिए भी कहा।

### गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांचा

**रामगंजमंडी** (निसं)। ई-प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन शनिवार को जिले में 74 चिकित्सा संस्थानों पर हुआ। इसमें 838 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच की गई। 838 के ब्लड की जांच कर परामर्श दिया। सीएमएचओ डॉ जगदीश कुमार सोनी ने बताया कि अभियान में गर्भवतियों की ब्लड, यूरीन टेस्ट, हीमोग्लोबिन बीपी शुगर वजन लम्बाई सहित अन्य जांचे नि:शुल्क की गई। इस दौरान 97 गर्भवतियों को हाई रिस्क में चिन्हित किया। इन्हें विशेष सावधानियां रखने की हिदायत दी।प्रसव की तैयारी की जानकारी दी गई। साथ ही शिशुओं के स्तनपान पोषण व टीकाकरण के बारे में बताया। पोष्टिक आयरयुक्त आहार, मिलेट्स लेने की सलाह दी गई। सीएमएचओ डॉ सोनी ने बताया कि गर्भवतियों की बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य जांच के लिए यह अभियान महीने में तीन बार 9, 18 और 27 तारीख को अयोजित किया जाता है।

### रेखा शर्मा सम्मानित

**बूंदी** (निसं)। नेपाल की प्रसिद्ध संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन नेपाल द्वारा विश्व स्तर पर नेपाल भारत मैत्री अंतरराष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता (ऑनलाइन) का आयोजन किया गया। जिसमे अपने श्रेष्ठ काव्य लेखन के बल पर प्रथम स्थान प्राप्तकर्ता काव्य रचनाकार की सूची में बूंदी की साहित्यकार रेखा शर्मा को नेपाल भारत मैत्री काव्य रत्न सम्मान द्वारा सम्मानित किया गया है। आयोजन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कुल सत्तासी काव्य लेखकों को नेपाल भारत मैत्री काव्य रत्न सम्मान प्रदान किया गया है।

### शिविर में रोगियों को परामर्श दिया

**बूंदी** (निसं)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रजत गृह के तत्वावधान में वार्ड नंबर 16 छत्रपुरा में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर 68 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर डॉ. सी एल दाधीच द्वारा परामर्श दिया। शिविर में गर्भवती महिलाओं का चेकअप भी किया गया। इस दौरान हेल्थ मैनेजर मुरारी प्रसाद मीणा, जी एनएम यश सक्सेना, मुशर्रफ हुसैन गौरी, ए.एन.एम. आरती शर्मा, हेल्पर अख्तर रसूल आशा सहयोगिनी गायत्री कुमावत ने अपनी सेवाएं दी।

### अग्रवाल समाज की बैठक आज


**बूंदी** (निसं)। आगामी अध्यक्ष के चुनाव को लेकर अग्रवाल समाज की बैठक का आयोजन रविवार को सिलोर रोड स्थित अग्रसेन सेवा सदन संस्थान में 11 बजे किया जाएगा। समाज के अध्यक्ष आनन्दी लाल गर्ग और प्रवक्ता सत्यनारायण गर्ग ने बताया कि रविवार को आयोजित बैठक का मुख्य विषय समाज के आगामी अध्यक्ष के चुनाव रहेगा। बैठक में आगामी अध्यक्ष के चुनाव हेतु रूपरेखा तैयार की जाएगी।

# लूट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, लूट की ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद

**रावतभाटा,** (निसं)। पारसोली थाना क्षेत्र के राजगढ़ रेलवे फाटक के पास से गत बुधवार को अज्ञात बदमाशों द्वारा ट्रैक्टर ट्रॉली लूट के मामले का खुलासा करते हुए पारसोली थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लूटी गई ट्रैक्टर व ट्रॉली बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को व्यास जी का बड़ला पुलिस थाना मंगरोप जिला भीलवाडा निवासी शिवलाल पुत्र देवीलाल मीणा अपने गांव से ट्रैक्टर ट्रॉली में अनाज लेकर पालका गांव में खाली करने गया जो खाली करके पुन: लौट रहा था। रास्ते में राजगढ रेलवे फाटक पर शराब की दुकान के पास तीन अज्ञात लोगो ने ट्रेक्टर को रुकवा लिया और उसके साथ जोर जबरदस्ती कर ट्रेक्टर-ट्रोली को लूटकर ले गए। जिस पर थाना पारसोली पर लूट का प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

घटना में लुटे गए ट्रैक्टर व ट्रॉली की तलाश व आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रावतभाटा भगवत सिंह हींगड व पुलिस उपाधीक्षक बेगूं अंजली सिंह के निर्देशन में थानाधिकारी पारसोली प्रेम सिंह उपनिरीक्षक के नेतृत्व में थाने के सहायक पुलिस उपनिरीक्षक भवानी सिह, कानि. बाबूलाल, गिर्राज व गिरधारी लाल द्वारा मामले में आरोपी बल्दरखा पुलिस थाना बस्सी निवासी 28 वर्षीय रतनलाल पुत्र उदयलाल मीणा को गिरफतार किया जाकर बापर्दा रखा गया है। आरोपी के कब्जे से ट्रेक्टर मय ट्रोली व घटना में प्रयुक्त मोटरसा किल को बरामद किया जाकर घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।



पारसोली थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लूटी गई ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद की।

## रावतभाटा में बारिश का दौर जारी

**रावतभाटा,** (निसं)। रावतभाटा उपखंड क्षेत्र के नगर एवं ग्रामीण अंचल में इन्द्रदेव मेहबान हुए। क्षेत्र में तेज बारिश का दौर शुक्रवार रात्रि से शनिवार रात्रि तक जारी रहा। बारिश होने के बाद ठंडी हवाएं चलने से तापमान में काफी कमी आ गई।

इससे मौसम सुहाना हो गया। विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ से मौसम में आए बदलाव का फायदा क दिन तक मिलेगा। जिले का औसत तापमान न्यूनतम 26 और अधिकतम 30 डिग्री सेल्सियस रहा। शहर में क क्षेत्रों में अच्छी बारिश भी हुई। इससे जलभराव की स्थिति भी देखने को मिली। 2 दिन से चल रही तेज बारिश से नगर की सड़क पुलिया, छोटे-बडे नाले एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्थित तालाब, बावड़ीयां, छोटे नाले, पुलिया पर पानी उफान पर बहने लगा। बारिश के दौर से किसानों ने राहत की सांस ली।

रावतभाटा तहसील क्षेत्र एंव ग्रामीण अंचल क्षेत्र में षनिवार को सुबह से काली घटाएं छायी रही। प्रात: से सायं तक रूक-रूक कर मुसलाधार एंव तेज हवा के साथ आए पानी से लोगों ने वर्शा का मजा लेते हुए लोगों ने पिकनिक, तीर्थस्थलों आदि जगहों पर आन्नद उठाया। अपरान्ह से उमड़ रही काली घटाओं एंव तेज हवा के साथ सबसे तेज वर्शा आने लगीं। जो रात्रि तक जारी रही। षानिवार अपरान्ह एंव सांय तेज हवा के साथ आई बारिष से दिन में रात जैसा एहसास होने लगा।

तहसील क्षेत्र मे तेज हवा के साथ बरसात आने से कई छोटे-बड़े नाले उफान पर बह निकले एंव सडकों में पडे गडड्ो की वजह से दुपहिया वाहनों वालो को चलाने में दिक्कतें महसूस होने लगी एंव बड़ी गााडियां धीमि गति से चल रही थी। आकाश में काली घटा छाई एंव घुमडकर क्षेत्र में तेज मुसलाधार वर्शा हुई। वर्शा से आकाष में बिजलीयों की गडगडहाहट के बिच तेज वर्शा से आम जनजीवन रूक सा गया। इस वर्शा के साथ ही सड़को पर पानी बह निकला एवं लोगों ने ठड़क का अहसास हुआ।




छबड़ा में उच्च माध्यमिक विद्यालय पचपाडा में पर्यावरण को हरा-भरा बनाने के लिए 250 पौधे रोपे गए। प्रधानाचार्य राकेश कुमार मीणा क्रे निर्देशानुसार स्काउट गाइड अध्यापक हेमराज बैरवा के मार्गदर्शन में स्काउट गाइड एवं विद्यार्थियों ने पौधरोपण किया और एक पौधा-एक छात्र को जिम्मेदारी दी और जीरो टेकिंग कर ऑनलाइन किया गया। इस अवसर पर लेखाधिकारी महेश गुर्जर सहित स्टॉफ का योगदान रहा।

## शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**बूंदी** (निसं)। कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगाठ पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा शहीद स्मारक पर शहीद रामकल्याण की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर युवामोर्चा ज़िलामहामंत्री संदीप यादव शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी, निर्मल मालव, आभिषेक जैन, अभिनव वर्मा, मनफूल किराड आदि मौजूद रहे।

## मोबाईल मार्केट आज बंद रहेगा

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे में मोबाइल व्यवसायियों की बैठक शनिवार को आयोजित हुई, जिसमें सर्वसम्मति से माह के अंतिम रविवार को मोबाइल मार्केट पूर्णतया: बंद रखने का निर्णय लिया। यह जानकारी मोबाईल व्यवसायी अरूण गर्ग ने दी हैं।

## एक दिवसीय संपर्क स्मार्ट शाला शिक्षक प्रशिक्षण संपन्न



एक दिवसीय संपर्क टीवी डिवाइस शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन सी.बी.ई.ओ. कार्यालय में किया।

**छबड़ा** (निसं)। सीबीईओ ओमप्रकाश गालव की अध्यक्षता में संपर्क फाउंडेशन राजस्थान एवं राजस्थान शिक्षा परिषद के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय संपर्क टीवी डिवाइस शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन सीबी ओ कार्यालय में किया गया। प्रशिक्षण में राजकीय प्रारंभिक विद्यालयों में बच्चों हेतु स्मार्ट क्लास का सैटप डिवाइस के माध्यम से किया गया, यहां बच्चों को कक्षा में पुस्तकों के साथ स्मार्ट टीवी डिवाइस शैक्षणिक मैटेरियल गणित, अंग्रेजी, हिंदी आदि की मदद से खेल खेल में राजकीय शिक्षकों द्वारा अध्यापन कैसे करवाया जाएगा। डिवाइस को टीवी से जोड़कर प्रशिक्षण दिया गया। सीबीईओ गालव ने प्रशिक्षण की विधि को देख खुशी जताई। जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं दक्ष प्रशिक्षक हुसैन अली ने चयनित विद्यालयों के शिक्षको को स्मार्ट शाला कार्यक्रम प्रशिक्षण में बच्चों के लिए सही क्रम सही ढंग से पढ़ाने हेतु फाउंडेशन के उद्देश्य, लक्ष्य शिक्षा में किए जा रहे नवाचारों से गुणवत्ता सुधार के लिए अवगत करवाया गया।

प्रशिक्षण उपरांत मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गालव, संदर्भ व्यक्ति शंकरलाल नागर, अबरार अहमद द्वारा टीवी डिवाइस शिक्षको वितरण की गई और आशा व्यक्त की कि ब्लॉक से प्रशिक्षण में आए शिक्षक इस डिवाइस का बेहतर उपयोग कर बालकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देंगे।

# मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर और शिक्षकों का प्रदर्शन जारी



बूंदी के मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर शिक्षकों द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन लगातार जारी रहा।

**बूंदी** (निसं)। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर शिक्षकों द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन लगातार जारी रहा। प्रदर्शन कर रहे मेडिकल कॉलेज शिक्षक और डॉक्टरों का कहना है कि राजस्थान सरकार के सेवा नियम हम पर लागू नही हो रहे है। जबकि, बजट घोषणा में सभी राजमेस (राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसायटी) सभी डॉक्टरों को राज्य सेवा नियम अधिनियम में शामिल करने की घोषणा की गई थी। राजस्थान मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के स्थानीय अध्यक्ष डॉ. विजय नायक, सचिव डॉ. मिथलेश मीना, डॉ. एसआर मीना, डॉ. सुरेन मीना समेत अन्य डॉक्टरों ने सरकारी सेवा नियम के मुद्दे पर प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठे। डॉक्टर्स ने बताया कि नए कैडर को तो राजस्थान सेवा नियम में शामिल कर लिया, लेकिन 2017 से मेडिकल कॉलेज में राजमेस के तहत काम कर रहे चिकित्सक शिक्षक को राजस्थान सेवा नियम बाहर करते हुए मरणासन्न घोषित कर दिया। हमारी मांग है कि राजस्थान सेवा नियम 1962 के तहत सभी चिकित्सक शिक्षकों पर समान रूप से लागू होना चाहिए। मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक शिक्षकों ने कॉलेज परिसर में प्रदर्शन किया।

## नृत्य प्रतियोगिता आयोजित हुई

**रावतभाटा,** (निसं)। परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 4 में पाठ्यसहगामी गतिविधियों के अंतर्गत षनिवार को सदनवार सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता संपन्न हुई। कार्यक्रम प्रभारी पूर्णिमा भकत ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की थीम लोक नृत्य निर्धारित की गई थी। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में कक्षा 9 से 12 तक के तथा जूनियर वर्ग में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने बडे ही उत्साह के साथ भाग लिया और विभिन्न राज्यों के लोक-नृत्यों रंगारंग एवं मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। लगभग 75 विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप-प्राचार्य प्रमोद कुमार सिंह द्वारा की गई। प्रतियोगिता में दीपाली दुबे, जयवर्धन भटनागर व प्रीति कुमारी द्वारा निभाई गई। उप-प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों की सराहना की तथा विजेताओं को बधा दी और दर्शक दीर्घा में बैठे अन्य सभी छात्र-छात्राओं की तारीफ करते हुए कहा कि आज आप सभी ने अनुशासन का बहुत ही सुन्दर उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिसके कारण हमारा आज का कार्यक्रम बिना किसी विघ्न के सफलता पूर्वक सम्पन्न हो सका।

## सार-समाचार

### भागवत कथा के पोस्टर का विमोचन




**बूंदी** (निसं)। जगन्नाथ धाम में होने वाली श्री मद्भागवत कथा पोस्टर का विमोचन ज्योति शंकर शर्मा के सानिध्य में किया गया। पोस्टर के विमोचन के भगवान गणेश को निमंत्रण दिया गया। छत्रपुरा रॉड स्थित रघुनाथ धाम आश्रम में छोटी काशी के विद्वान पंडितो द्वारा वैदिक ध्वनि के साथ पोस्टर विमोचन किया गया । मीडिया प्रभारी प्रमोद गर्ग ने बताया कि 10 सितंबर से 18 सितंबर तक श्री जगन्नाथ धाम में आचार्य ऋतुराज शर्मा द्वारा श्री मद भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा जिसमे 101 यात्रिओ का जत्था जगन्नाथ धाम के लिए प्रस्थान करेगा। पोस्टर विमोचन के दौरान नवल किशोर श्रृंगी, ओम प्रकाश तलवास, अशोक शर्मा तलवास, कृष्ण मुरारी चतुर्वेदी, सांवल राम जांगिड़, पवन सनाढ्य, कालू कटारा, कृष्ण मुरारी शर्मा सिंता राधेश्याम कुमावत, प्रदीप कुमावत, दीपक राठौर, प्रफुल्ल गुजराती , अंजना गौतम, लीला शर्मा, पंडित मनोज गौतम आदि मौजूद रहे।

### युवक ने आत्महत्या की

**बूंदी** (निसं)। ऑनलाइन गेम खेलने की लत के शिकार एक युवक ने ट्रेन के आगे आकर आत्महत्या कर ली। ट्रेन की टक्कर से युवक का सिर क्षत-विक्षत हो गया था। सदर थाना पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। पुलिस ने बताया कि युवक परिजनों द्वारा मोबाइल पर अधिक समय तक गेम खेलने से टोकने पर नाराज था। सदर थाने के एएसआई जितेन्द्र ने बताया कि बूंदी-चित्तौड़ रेलवे लाइन की सिलोर पुलिया से एक कि.मी आगे युवक का शव पटरियों के पास पड़े होने सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे तो एक युवक का शव नजर आया। ट्रेन की टक्कर से युवक का सिर क्षत-विक्षत हो गया था। मोबाइल व अन्य साधनों से युवक की पहचान नैनवां रोड संजय कॉलोनी निवासी 21 वर्षीय रोहित मीणा पुत्र रामदेव के रूप में हुई है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा हैं। जानकारी में सामने आया है कि युवक ऑनलाइन गेम खेलने की लत का शिकार था। इसे लेकर परिजनों ने उसे टोका, जिससे नाराज होकर उसने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना स्थल से एक टूटा हुआ मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस शव के पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया।

### उपकारागृह का औचक निरीक्षण किया

**छबड़ा** (निसं)। डीएसपी जेपी अटल के नेतृत्व में षनिवार सुबह उप कारागृह का औचक निरीक्षण किया गया। यहां बंदी बैरिक, रसो घर, शौचालय, स्नानघर आदि की सघन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान यहां किसी भी प्रकार की कोई निषेध सामग्री की बरामदगी नहीं हुई। यहां उप कारापाल सुरेंद्रसिंह सिसोदिया व एएसआई संपतराज भी उपस्थित थे।

# उपजिला चिकित्सालय की जमीन चयन के लिए टीम ने सर्वे किया

**छबड़ा** (निसं)। छबड़ा में शनिवार को जिला चिकित्साधिकारी के नेतृत्व में बारां से आई मेडिकल टीम ने 40 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले उपजिला चिकित्सालय के लिए पालिका क्षेत्र में उपर्युक्त जमीन का चयन किए जाने के लिए सर्वे किया।

सीएमएचओ डॉ. सम्पतराज नागर ने बताया कि मेडिकल टीम ने सर्वप्रथम पालिका द्वारा प्रस्तावित कटिखंडी से चांचौडी दरवाजे की ओर जाने वाले स्थान का निरीक्षण किया और ड्रोन से क्षेत्र की रिकार्डिंग की। इसके बाद सालपुरा रोड पर सिंघवी स्कूल के पीछे, आयुर्वेद चिकित्सालय के निकट एवं कुंभराज रोड पर डंपिंग यार्ड के निकट की जमीनों का निरीक्षण किया। डॉ. नागर के अनुसार सर्वे की गई सभी जमीनो की जानकारी जिला कलैक्टर को दी जाएगी। इसके उपरांत विचार-विमर्श कर उपर्युक्त भूमि का चयन किया जाएगा। यहां उपजिला चिकित्सालय निर्माण के लिए 15 बीघा भूमि की आवश्यकता हैं। उल्लेखनीय है कि बजट घोषणा में 40 करोड की लागत से उपजिला चिकित्सालय निर्माण की घोषणा की गई हैं। इस अवसर पर एनएचआरएम कोटा के एक्सईएन, बीसीएमओ डॉ. महेश भूटानी, सीएचसी प्रभारी डॉ. हरिओम गोयल एवं पालिका से जेईएन रवि शर्मा सहित अन्य अधिकारी साथ रहे।



उपजिला चिकित्सालय के लिए पालिका क्षेत्र में उपर्युक्त जमीन का चयन किए जाने के लिए सर्वे किया।